# मेडिटेक पार्क के लिए चयन की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तहत मेडिकल क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने की कवायद तेज हो गई है। इसके तहत मेडिकल पार्क के लिए 20 कंपनियों ने आवेदन किया है। पहले चरण में इनमें से 10 कंपनियों का चयन होगा। इसके लिए विभिन्न मानकों पर उन्हें परखा जा रहा है। चयनित कंपनियों के स्टार्टअप को 25 लाख रुपये मदद मिलेगी। हर माह 10 हजार रुपये दिया जाएगा।

मेडिकल पार्क शुरू करने की जिम्मेदारी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया को सौंपी गई है। एसजीपीजीआई में स्थापित होने वाले इस पार्क में तैयार उपकरणों का ट्रायल भी संस्थान करेगा। इसे लेकर एसजीपीजीआई और एसटीपीआई के बीच एमओयू हो चुका है। एसटीपीआई के संयुक्त निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि पांच साल में 50 कंपनियों को मेडिटेक पार्क से जोड़कर स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। ब्यूरो

## 20 कंपनियों ने किया आवेदन, पहले चरण में 10 का होगा चयन

### पीजीआई ने उपलब्ध कराई जगह

एमओयू के तहत एसजीपीजीआई ने सेंट्रल लाइब्रेरी में करीब 1800 वर्ग फीट की जगह उपलब्ध करा दिया है। यहां निर्माण कार्य शुरू हो गया है। छोटे-छोटे केबिन बनाकर कंपनियों को उपलब्ध कराया जाएगा। करीब 22 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में 10 करोड़ यूपी सरकार, छह करोड़ आंध्र प्रदेश मेडिटेक, तीन करोड़ एसटीपीआई और तीन करोड मेड्ट्स कंपनी लगाएगी। यह प्रोजेक्ट 5 साल का है।